ईमेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांकः 2प / विविध–17–10 / 2025 / 67(स्वी) / पं.रा.

बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

नजर हुसैन
विशेष सचिव

सेवा में,

महालेखाकार, (ले0 एवं ह0),
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 26/10/26

विषय : **राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस–2025 के अवसर पर मधुबनी जिला में माननीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए किये गये व्यय की प्रतिपूर्त्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुल ₹17,28,70,659.00 (सत्रह करोड़ अठाईस लाख सत्तर हजार छः सौ उनसठ रूपये) मात्र की राशि की स्वीकृति ।**

आदेश : स्वीकृत।

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक--24.04.2025 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री की उपस्थिति में मधुबनी जिला में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री के साथ सभी राज्यों से विशिष्ट अतिथि शामिल हुए थे। बिहार राज्य अंतर्गत लगभग 100000 (एक लाख) जनप्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जाना निर्धारित किया गया था।

2. कार्यक्रम के आयोजन हेतु दिनांक--11.04.2025 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में आहूत बैठक में जर्मन हैंगर, हैलीपैड का निर्माण, सभामंच, लाईटिंग, बैरिकेडिंग, सुरक्षा से संबंधित कार्य, VIP Movement से जुड़े सड़कों का मरम्मत, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था आदि हेतु जिला पदाधिकारी, मधुबनी को निदेशित किया गया था।

3. जिला पदाधिकारी, मधुबनी का पत्रांक–I/285946/2025 दिनांक--26.08.2025 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस--2025 कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए किये गये व्यय की प्रतिपूर्त्ति हेतु कुल ₹17,28,70,659.00 (सत्रह करोड़ अठाईस लाख सत्तर हजार छः सौ उनसठ रूपये) मात्र की राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

4. इस संबंध में दिनांक--16.06.2026 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में विभाग के पास संगत शीर्ष में उपलब्ध बजट उपबंध से अधियाचित राशि जिला पदाधिकारी, मधुबनी को उपलब्ध कराया जाना है (कार्यवाही की प्रति संलग्न-अनुलग्नक--1)।

5. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस–2025 के अवसर पर मधुबनी जिला में कार्यक्रम हेतु समुचित व्यवस्था के लिए किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुल ₹17,28,70,659.00 (सत्रह करोड़ अठाईस लाख सत्तर हजार छः सौ उनसठ रूपये) मात्र की राशि की स्वीकृति प्रदान किये जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् का अनुमोदन संचिका सं0--2प / विविध--17-10 / 2025 के पृष्ठ सं0--73 / टि0 पर दिनांक 30.09.2026 को प्राप्त है।

6. इस राशि का व्यय वहन राज्य योजना मद से वित्तीय वर्ष 2026–27 में निम्नरूपेण किया जायेगा:–

क्र०	बजट शीर्ष	विषय शीर्ष	राशि (रूपये में)
i)	मुख्य शीर्ष–2515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम–उपमुख्य शीर्ष–00–लघु शीर्ष–800–अन्य व्यय–उपशीर्ष– 0114– ग्राम पंचायत के विभिन्न मदों हेतु । विपत्र कोड–16–25150080000114	0114–31–06	₹17,28,70,659.00
	कुल		₹17,28,70,659.00

7. इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मधुबनी होंगे, जो इस स्वीकृत राशि की निकासी जिला कोषागार, मधुबनी से बिहार कोषागार संहिता, 2011 के सुसंगत नियमों के आलोक में CFMS के माध्यम से करेंगे।

8. जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा इस राशि का उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। निकासी की गयी राशि का अन्य किसी दुसरे मद में विचलन नहीं हो, इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। यदि कोई छद्मपूर्ण या अनियमित निकासी होती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मधुबनी की होगी। इस राशि का नियमानुसार उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार कार्यालय, पटना में समायोजित कराया जाना जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मधुबनी का दायित्व होगा।

9. वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–7355 दिनांक 05.10.2007 के आलोक में राशि की निकासी हेतु महालेखाकार कार्यालय से प्राधिकार पत्र आवश्यक नहीं है।

10. इस स्वीकृत राशि का आवंटनादेश अलग से निर्गत किया जायेगा, जिसके आधार पर राशि की निकासी की जायेगी।

11. इस स्वीकृत राशि के प्रस्ताव एवं प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं0–2प/विविध–17–10/2025 के पृष्ठ सं0–76 पर दिनांक 09/10/2026 को प्राप्त है।

12. इस स्वीकृत राशि के प्रस्ताव एवं प्रारूप पर सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन संचिका सं0–2प/विविध–17–10/2025 के पृष्ठ सं0–77 पर दिनांक 13/10/2026 को प्राप्त है।

13. इस स्वीकृत राशि के प्रस्ताव एवं प्रारूप पर मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–30.09.2026 के मद संख्या–16 के रूप में की गयी है।

14. इस स्वीकृत्यादेश के सभी पृष्ठ विशेष सचिव, पंचायती राज विभाग द्वारा हस्ताक्षरित हैं।

अनुलग्नक:–यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

26/10/26

(नजर हुसैन)
विशेष सचिव

ज्ञापांक:2प / विविध–17–10 / 2025 /67(स्पी0)/पं०रा० पटना, दिनांक 26/10/26

प्रतिलिपि: सचिवालय कोषागार, नया सचिवालय, विकास भवन, बिहार, पटना / सचिवालय कोषागार मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/10/26
(नजर हुसैन)
विशेष सचिव

ज्ञापांक:2प / विविध–17–10 / 2025 /67(स्पी0)/पं०रा० पटना, दिनांक 26/10/26

प्रतिलिपि: जिला पदाधिकारी, मधुबनी / उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद्, मधुबनी / जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन) 26/10/26
विशेष सचिव

ज्ञापांक:2प / विविध–17–10 / 2025 /67(स्पी0)/पं०रा० पटना, दिनांक 26/10/26

प्रतिलिपि: संयुक्त सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग / प्रभारी पदाधिकारी–05 एवं 06 / प्रशाखा पदाधिकारी–05 एवं 06 / लेखापाल / रोकड़पाल, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन) 26/10/26
विशेष सचिव

ज्ञापांक:2प / विविध–17–10 / 2025 /67(स्पी0)/पं०रा० पटना, दिनांक 26/10/26

प्रतिलिपि: आई0टी0 मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को प्रेषित कर अनुरोध है कि इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।

(नजर हुसैन) 26/10/26
विशेष सचिव

ज्ञापांक:2प / विविध–17–10 / 2025 /67(स्पी0)/पं०रा० पटना, दिनांक 26/10/26

प्रतिलिपि: मुख्य सचिव बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी, को सूचनार्थ प्रेषित।

(नजर हुसैन) 26/10/26
विशेष सचिव